<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4680

23 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

पूर्वोदय कार्यक्रम के अन्तर्गत इस्पात संयंत्र

4680. श्री महेश साहूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूर्व के राज्यों में नए इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए हाल ही में 70 मिलियन डॉलर के मिशन पूर्वोदय कार्यक्रम की घोषणा की है और यदि हां, तो विशेषकर ओडिशा के संबंध में, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त कार्यक्रम से कौन से राज्यों के सबसे अधिक लाभान्वित होने की संभावना है और प्रमुख क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख): जी, नहीं। पूर्वी क्षेत्र के विकास पर बल देने तथा साथ ही उसकी अन्तर्निहित क्षमता को उभारने के लिए दिनांक 11.01.2020 को मिशन पूर्वोदय शुरू किया गया। इस मिशन में ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में और आन्ध्रप्रदेश के भागों में एकीकृत इस्पात केंद्रों का विकास किया जाना शामिल है। इस्पात केंद्रों के विकास के दो मुख्य उद्देश्य हैं: (i) इस क्षेत्र में क्रूड इस्पात के क्षमता संवर्धन को समर्थ करना तथा (ii) पूर्वी क्षेत्र में मुख्य संवर्धित इस्पात क्लस्टर के विकास में सहायता प्रदान करना।

****